हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार,1 मई 2024

तापमान

अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

12 पंजाबी भाषा व साहित्य राज्य का अनमोल अंग




12 स्वतंत्रता दिवस तक पूरा होगा शहीदी स्मारक का निर्माण...



## खबर संक्षेप

### समालखा पुलिस ने लूट के आरोपी को पकड़ा

**पानीपत।** थाना समालखा पुलिस ने करहंस गांव के पास स्थित शराब ठेके पर हथियार के बल पर लूट करने वाले गिरोह के चौथे आरोपी विशाल निवासी गांव इसराना हाल इंद्रा कालोनी पानीपत को गिरफ्तार किया। थाना समालखा प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि थाना समालखा में महावीर पुत्र मांगेराम निवासी आर.के पुरम कॉलोनी पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पुलिस ने स्नेचिंग के आरोपी को दबोचा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने आर्य नगर में युवक से स्नेचिंग करने वाले गिरोह के चौथे आरोपी दीपांशु निवासी बलजीत नगर, पानीपत को बबैल नाका के पास से गिरफ्तार किया। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि स्नेचिंग की वारदात बारे थाना चांदनी बाग में अजय निवासी घूपसिंह नगर की शिकातय पर अभियोग दर्ज है।

### सड़क हादसे में तीन गंभीर घायल

**पानीपत।** पानीपत के रोहतक हाईवे पर हरियाणा रोडवेज की बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में प्रवीण उर्फ मुस्कान, इसका भाई अफसर व तस्सवर निवासी गांव रामडा पार जिला शामली उत्तर प्रदेश गंभीर रूप से घायल हो गए।

### चोरी के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना पंजोखरा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी कौशल कुमार को गिरफ्तार किया है। जग्गी कॉलोनी फेस 2 के रहने वाले इंद्रप्रीत सिंह ने 17 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसके ट्रेक्टर की बैटरी चोरी कर ली है।

### फिरौती मांगने के मामले का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज फोन कॉल पर फिरौती मांगने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवराज सिंह को प्रोडक्शन वांरट पर गिरफ्तार किया हे। टाटका गांव के रोहित कुमार ने1 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 फरवरी 2024 को आरोपी आकाश उर्फ शुटर ने उसके मोबाइल पर फिरौती मांगने व जान से मारने की धमकी दी है।

# वर्दी की ताकत का समाज कल्याण के लिए करें प्रयोग: जाधव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

■ सेवानिवृत्ति सम्मान परेड में सशस्त्र टुकड़ी ने दी एडीजीपी श्रीकांत जाधव को सलामी

एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने कहा कि वर्दी बनाती है खास और वर्दी पहनने से आती है ताकत।इस ताकत का इस्तेमाल समाज के कल्याण के लिए करना चाहिए। मंगलवार को ए डी जी पी श्रीकांत जाधव हरियाणा पुलिस अ का द मी , मधुबन में आयोजित विदाई सम्मान परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्य अतिथि श्रीकांज जाधव 30 वर्ष के सफल सेवाकाल के बाद मंगलवार को सेवानिवृत हो रहे हैं। उन्होंने विदाई सम्मान परेड का निरीक्षण किया व सलामी ली। मुख्य अतिथि को परंपरा का निर्वाह करते हुए फूलों से सुसज्जित खुली जिप्सी में पुष्पवर्षा करते हुए सम्मानपूर्वक मधुबन से प्रस्थान कराया गया। एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने कहा कि हमें तालमेल बनाकर जनता के विश्वास को जीतने की कोशिश करते रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक जरूरतमंद की कानूनी मदद करना हमारा दायित्व बनता है जिसे हमें ईमानदारी के साथ निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमेशा निडर होकर काम करना चाहिए, सच्चाई व ईमानदारी के साथ काम करने वाला निर्भय बनता है और एक निर्भय पुलिस अफसर ही समाज के लिए कुछ अलग करने की सोच सकता है, परन्तु इस पर चलने से सुकून मिलता है। उन्होंने कहा कि अपनी ड्यूटी के दौरान आप दीक्षांत परेड में ली गई।शपथ हो हमेशा याद रखना चाहिए और शपथ को ध्यान में रखते हुए निर्भय होकर अपने कर्तव्यपथ पर चलते रहना चाहिए। उन्होंने हरियाणा पुलिस के जवानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा पुलिस के जवान और अधिकारी श्रेष्ठ है।





घरौंडा। हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में मुख्य अतिथि एडीजीपी श्रीकांत जाधव का परंपरा अनुसार सम्मान करते हुए अधिकारी व कर्मचारी।

### अच्छा लीडर अपने जवानों में और अधिक ऊर्जा भर सकता

उन्होंने कहा कि एक अच्छा लीडर अपने जवानों को प्रोत्साहन करके उनमें और अधिक ऊर्जा भर सकता है। उन्होंने नशे के खिलाफ हरियाणा सरकार द्वारा चलाई गई मुहिम को आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा तीन बाते याद रखनी चाहिए कि भगवान हमेशा हमारे साथ नहीं रह सकते इसलिए उन्होंने यह पावर ऑफ आटर्नी माता-पिता को दी। हर व्यक्ति अपने माता-पिता की इज्जत करता है, ऐसा करने से आपके सभी रास्ते अपने आप खुल जाएंगे। उन्होंने हरियाणा पुलिस के जवानों से अपील करते हुए कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना है क्योंकि एक स्वस्थ पुलिस अधिकारी ही समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतर सकता है। अपनी तीसरी बात का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जिंदगी बहुत छोटी है आज का काम कल पर न छोडें। हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ सीएस राव ने एडीजीपी श्रीकांत जाधव व उनकी पत्नी श्रीमती कविता दुआ जाधव के साथ आए अन्य अतिथियों का स्वागत किया और एडीजीपी श्रीकांत जाधव के सेवाकाल की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने एडीजीपी श्रीकांत जाधव को स्मृतिस्वरूप स्मृतिचिन्ह भी भेंट किया। हरियाणा पुलिस अकादमी की पुलिस महानिरीक्षक डॉ राजश्री सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सीआइडी हरियाणा के एडीजीपी आलोक मित्तल, करनाल मण्डल के आइजीपी सतेन्द्र कुमार गुप्ता, एचएपी के आइजीपी कुलविंद्र सिंह, एडीजीपी श्रीकांत जाधव के परिवार के सदस्य, उनके मित्र अन्य पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे। परेड की कमान परिवीक्षु डीएसपी ऋषभसोढी ने की।

## दुकान में कपड़ा खरीदने आई महिलाओं ने चुराए सूट व बैडशीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पुलिस ने अज्ञात महिलाओं के खिलाफ किया केस दर्ज

गांव तलाकौर स्थित कपड़े की दुकान पर कपड़ा खरीदने आई पांच महिलाओं ने 46 सूठ व आठ बैडशीट चोरी कर ली। दुकान मालिक ने महिलाओं के चले जाने के बाद जब सूठों जांच की तो चोरी का पता चला। उसने आरोपी महिलाओं के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव तलाकौर निवासी सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के बाहर कपड़े की दुकान है। 24 अप्रैल को शाम पांच बजे उसकी दुकान पर पांच महिलाएं कपड़ा खरीदने के लिए आई। महिलाओं ने उसे कपड़ा दिखाने को कहा। वह महिलाओं को कपड़ा दिखाकर किसी काम से दुकान से बाहर चला गया। जब वह दुकान पर पहुंचा तो वहां से महिलाएं गायब मिली। जांच करने पर दुकान से 46 सूठ व आठ बैडशीट गायब मिली। उसने महिलाओं की काफी तलाश की लेकिन उनका कुछ भी पता नहीं चला। उसने आरोपी महिलाओं के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सीजेएम ने बाल आश्रम व उद्यान केयर होम का किया निरीक्षण



कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने जीवनमय बाल आश्रम लाडवा व उद्यान केयर होम सेक्टर-7 का निरीक्षण कर बच्चों के लिए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने जीवनमय बाल आश्रम लाडवा और उद्यान केयर होम सेक्टर 7 कुरुक्षेत्र का दौरा किया। वहां पर उन्होंने बच्चों से बातचीत की और बच्चों के कमरों का निरीक्षण किया और उनको दिए जाने वाले भोजन का भी जायजा लिया।

# यमुनानगर में लाखों की अफीम के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर लिया पांच दिन का रिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पूछताछ में आरोपी से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की उम्मीद

जिला पुलिस की स्पेशल सेल ने लाखों रुपये कीमत की अफीम (अवैध नशीला पदार्थ) के साथ एक नशातस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने करीब पांच लाख रुपये कीमत की अफीम बरामद की है। आरोपी के खि ला फ मामला दर्ज कर पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर ले लिया है। पूछताछ में आरोपी से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की उम्मीद है।

स्पेशल सेल के प्रभारी राजेश राणा ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि थाना छप्पर के सरस्वती मार्ग पर एक युवक कोई नशीला पदार्थ लिए घूम रहा है और वह उसे किसी को सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उन्होंने सब इंस्पेक्टर सुखदेव सिंह, जसविंदर सिंह, एएसआई सुरेंद्र, राजू राणा, कुलदीप ,विपिन, आजाद व धर्मबीर की टीम का गठन किया और उसे जांच के लिए भेजा। जांच टीम ने दबिश देकर आरोपी को काबू कर लिया। इस दौरान पुलिस की जांच टीम ने मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग के एईटीओ सतबीर सिंह को बुलाया गया। जिनके सामने आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से दो किलोग्राम अफीम बरामद हुई। बताया गया है कि आरोपी से बरामद की गई अफीम की कीमत बाजार में करीब पांच लाख रुपये है। पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला बदायूं के गांव पुठी सराहय निवासी हेमेंद्र उर्फ नितेश के रुप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर अदालत में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर ले लिया।



यमुनानगर में पुलिस उपाधीक्षक हेडक्वार्टर कमलजीत सिंह मामले की जानकारी देते हुए व पीछे खड़ा हुआ आरोपी।

### आरोपी हेमेंद्र कमीशन पर करता था काम

डीएसपी हेडक्वार्टर कमलजीत सिंह ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि आरोपी हेमेंद्र को अफीम सप्लाई करने के लिए 25 हजार रुपये कमीशन मिलती थी। वह यूपी के बरेली से अफीम लाकर यमुनानगर में सप्लाई करता था। पूछताछ में आरोपी से पता लगाया जा रहा है कि वह अफीम किसे सप्लाई करता था।

### 45 लाख 27 हजार की ड्रग्स और शराब सीज

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रुप से संपन्न करवाने के लिए चुनावों की प्रत्येक गतिविधि पर पैनी निगाहे रखी जा रही है, जिसके परिणाम स्वरूप ही पुलिस व आबकारी विभाग ने अब तक 45 लाख 27 हजार 370 रुपए की राशि की ड्रग्स और शराब सीज कर दी गई है। इतना ही नहीं एसएसटी और एफएसटी की टीमें भी तमाम गतिविधियों पर नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी करके 2547 लीटर शराब बरामद की है। इस शराब की कीमत 7 लाख 75 हजार 330 रुपए आंकी है। इसी तरह पुलिस विभाग ने 193 ग्राम ड्रग्स भी सीज किया है। इस ड्रग्स की कीमत मार्केट में 36 लाख 36 हजार रुपए की है।

## युवती ने फैक्टरी ठेकेदार पर लगाया दुष्कर्म करने का आरोप

**यमुनानगर।** प्लाइवुड फैक्टरी में मजदूरी कर रही युवती ने ठेकेदार पर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की एक कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बहुत गरीब परिवार से है। वह प्लाईवुड फैक्टरी में मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करती है। वह फैक्ट्री में मुजकीर ठेकेदार के पास लेबर का काम करती है। 26 अप्रैल को वह फैक्ट्री से छुट्टी कर रात को पैदल घर लौट रही थी। रास्ते में मुजकीर बाइक पर आया और उसे घर छोड़ने के बहाने से बाइक पर बिठा लिया। इसके बाद आरोपी बाइक को जंगल में ले गया। जहां आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। उसके विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी। वह किसी तरह आरोपी से बचकर घर पहुंची और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 323, 376 व 506 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## सराला नहर से मिला लापता युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ दोस्त ने ही हत्या कर फेंका था शव, सीआईए कर रही है पूछताछ

शालीमार कॉलोनी के लापता 32 वर्षीय दिग्विजय सिंह उर्फ रोबिन का शव मिल गया है। उसके दोस्त ने ही हत्या के बाद शव नहर में फेंक दिया था। पुलिस ने रोबिन के दोस्त सरहिंद के रहने वाले टैक्सी चालक गुरविंद्र उर्फ लाली को गिरफ्तार किया है। सीआईए-1 की टीम दिग्विजय के माता-पिता के साथ आरोपी को पंजाब के सराला में नहर के पास लेकर गई थी। यहां से शव को बरामद किया गया। आखिरी बार दिग्विजय को गुरविंद्र उर्फ लाली ही उसे कालका चौक छोड़ने को कहकर अपने साथ ले गया था। ऐसे में पुलिस के लिए लाली ही मामले में अहम गवाह था। उसने पुलिस की पूछताछ में सच उगल दिया। हत्या किस वजह से की गई इसको लेकर आरोपी से सीआईए पूछताछ कर रही है। मृतक दिग्विजय के पिता एवं रिटायर्ड शिक्षक कर्ण सिंह ने बताया कि गुरविंद्र उर्फ लाली पहले उनकी कॉलोनी में ही रहता था जो बाद में सरहिंद चला गया । दिग्विजय को 3 माह पहले बेटा हुआ था। पहली बार वह बच्चे को लेकर पत्नी के साथ करनाल में ससुराल गया था। वहां से उसे शगुन का पैसा मिला था। कुछ पैसा उन्होंने उसे देकर भेजा था। दिग्विजय नानी के पास पानीपत चला गया । जहां बच्चे को शगुन मिला था। दिग्विजय को लाली ने पार्टी के लिए अंबाला बुलाया था। लाली ने अंबाला आने के बाद दिग्विजय को करनाल से चलने के लिए फोन किया था। 17 अप्रैल को दिग्विजय घर आ गया। लाली भी उसके साथ उनके घर पर रुका था। अगले दिन लाली ने बेटे को कालका चौक छोड़ने के लिए कहा था। दिग्विजय अपनी बलेनो कार लेकर गया था लेकिन बाद में वह वापस नहीं लौटा था। 20 अप्रैल को उन्होंने सिटी थाना में केस दर्ज कराया था। पिता से आरोपी गुरविंद्र ने कहा था कि वह ऑटो से चला गया था। दिग्विजय कार लेकर कहां गया दो नहीं पता है। कर्ण सिंह ने बताया कि दिग्विजय पहले बद्दी में नौकरी करता था। अब यहां रेस्टोरेंट खोलने की तैयारी कर रहा था। इसको लेकर सामान खरीद रहा था। पुलिस अभी आरोपी से हत्या के बारे में पूछताछ कर रही है।

## राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र का एक शिष्टमंडल जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक को मिला और वर्ष 2004 से वर्ष 2017 तक का अंतर जिला स्थानांतरण होने पर प्राथमिक शिक्षकों के वेतन में एचआरएमएस पोर्टल पर दिक्कत आने पर ज्ञापन दिया। विदित है कि वर्ष 2004, 2008, 2011 और 2017 के अंतर जिला स्थानांतरण होने पर शिक्षकों का एचआरएमएस पोर्टल पर वेतन संबंधी समस्याएं आ रही हैं जिस कारण अप्रैल माह का वेतन निकालना बहुत मुश्किल दिखाई पड़ रहा है। इस समस्या से शिक्षा विभाग को पहले भी अवगत करवा दिया गया है आज फिर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ का एक शिष्टमंडल जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक के जिला कार्यालय में मिला और इस समस्या को जल्द हल करने के लिए ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल में जिला प्रधान राजेंद्र टंडन, जिला महासचिव संदीप चौहान, अमन पाल, राजेंद्र जांगड़ा, प्रवीण, सतीश भारद्वाज व सुरेश पलवल मौजूद रहे।



### 28.58 प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित कर प्रदेश में पहले स्थान पर है नगर निगम यमुनानगर जगाधरी

# निगम कर्मचारी संपत्ति सत्यापन कार्य में दिखाएं गंभीरता: सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने संपत्ति सत्यापन कार्य में लगे कर्मचारियों की ली बैठक

संपत्ति सत्यापन कार्य में लगे सभी कर्मी गंभीरता से अपना कार्य करें। कोई भी कर्मचारी ढील व लापरवाही से कार्य न करें। संपत्ति सत्यापन कार्य में तीव्रता लाएं। संपत्ति सत्यापन कार्य को गंभीरता से न लेने वाले कर्मचारी के खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाए जाएगी। यह निर्देश निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने संपत्ति सत्यापन कार्य में लगे कर्मचारियों को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक में दिए।

निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने कर्मचारियों को अपने कार्य में तेजी लाए जाने और रोजाना 25 से अधिक संपत्तियां सत्यापित करने के निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने सभी कर्मचारियों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान किया। उन्होंने बताया कि अब तक नगर निगम क्षेत्र की 60 हजार 300 संपत्तियां सत्यापित हो चुकी हैं। 28.59 प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित कर नगर निगम यमुनानगर जगाधरी प्रदेश में पहले स्थान पर है। निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर की सभी संपत्तियों को सत्यापित किया जाएगा। जिन शहरवासियों की संपत्ति सत्यापित नहीं हुई है। वह घर घर जा रहे निगम कर्मचारियों से अपनी संपत्ति सत्यापित करवाएं। जो व्यक्ति अपनी संपत्ति सत्यापित नहीं कराएगा। उसे बाद में निगम कार्यालय में आकर यह कार्य करना पड़ेगा। उन्होंने सभी शहरवासियों से अपील की कि वे डोर टू डोर जा रहे निगम कर्मचारियों से अपनी संपत्ति सत्यापित करवाएं।



यमुनानगर के लघु सचिवालय में आयोजित निगम कर्मचारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए निगमायुक्त आयुष सिन्हा।

## मौसम ने फिर ली करवट, आसमान में बादल छाने से बरसात के आसार बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ किसानों की चिंता भी बढ़ी

मौसम में बदलाव के साथ ही किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। शाम को अचानक आसमान में बादल छा जाने से मौसम फिर ठंडा हो गया। इसकी वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

उधर खराब मौसम को देखते हुए मौसम विभाग की ओर से 6 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। इनमें चंडीगढ़ के अलावा पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल शामिल हैं।इन जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं। साथ ही 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है।मौसम विभाग अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की वजह से उत्तर व पश्चिमी जिलों में बूंदाबांदी हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार 30 अप्रैल से 2 मई तक मौसम शुष्क व साफ रहेगा। तापमान में बढ़ोतरी होगी। इस दौरान दिन का तापमान 42 से 43 डिग्री तक पहुंच सकता है। इससे लोगों को गर्मी का एहसास होगा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदेश में एक बार फिर तीन मई को एक और विक्षोभ एक्टिव होने के आसार दिख रहे हैं।

हालांकि अप्रैल के मुकाबले इस विक्षोभ के कमजोर होने के कारण सिर्फ आंशिक रूप से बादलवाही ही रहेगी। इसका असर 4 मई तक रहेगा। इसके बाद दोबारा से तापमान बढ़ना शुरू हो जाएगा।

**खबर संक्षेप**



## छात्रा अनु ने जीती प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**रादौर।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मेसी नाचरौन(रादौर) में मंगलवार को बी फॉर्मेसी के विद्यार्थियों के लिए वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल प्रोपर्टी राइट दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. स्मिता नरवाल ने किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बी. फॉर्मेसी की पांचवे सेमेस्टर की छात्रा अनु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि अनिकेत ने द्वितीय व अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. स्मिता नरवाल ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विशेष रूप से नवाचार को बढ़ावा देना है।

## हंसने से घातक बीमारियों का इलाज भी संभव

**रादौर।** हंसना एक प्रकार का योगा है। हंसने से घातक बीमारियों का इलाज भी संभव है। विश्व हास्य दिवस विश्व भर में मई महीने के पहले रविवार को मनाया जाता है। इस बार विश्व हास्य दिवस पांच मई को मनाया जा रहा है। पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान मास्टर देवीदयाल अरोड़ा ने बताया कि विश्व हास्य दिवस के रूप में प्रथम आयोजन 11 जनवरी 1998 को मुंबई में किया गया था। विश्व हास्य योग आंदोलन की स्थापना का श्रेय डॉ. मदन कटारिया को जाता है।

## कैंसर के विरूद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत के प्रांगण में कैंसर वैलफेयर सोसायटी की ओर से संजय अग्रवाल द्वारा छात्रों को कैंसर से बचाव हेतु अनेक उपाय बताए। विद्यालय प्रंकगण में पहुचने पर प्राचार्य मनीष घनगस ने उनका हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन किया। वही, प्राचार्य मनीष घनगस ने कहा कि यदि हमें अपने शरीर में किसी प्रकार की बीमारी या बदलाव नजर आने लगे तो हमें हमें तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करना चाहिए।

# 12वीं कक्षा के विज्ञान संकाय में पीयूष ने 92.6 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में अव्वल स्थान हासिल किया, न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शत प्रतिशत रहा परिणाम

**वाणिज्य संकाय में मुस्कान सैनी 91.8 प्रतिशत अंकों के साथ रही अव्वल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल लक्ष्मी गार्डन यमुनानगर के 12वीं कक्षा के परिणामों में विज्ञान संकाय के पीयूष ने सर्वाधिक 92.6 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। जबकि वाणिज्य संकाय में मुस्कान सैनी 91.8 प्रतिशत अंक लेकर पहले तथा कला संकाय में सानिया 81.8 प्रतिशत अंकों के साथ पहले स्थान पर रही। स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन घनश्याम शर्मा ने बताया कि 12वीं कक्षा में कुल 72 बच्चों ने परीक्षा दी थी। जिनमें विज्ञान संकाय में पीयूष ने सर्वाधिक 92.6 प्रतिशत अंक लेकर पहलाए खातून ने 87.6 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा अरूण ने 87 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह टविंकल ने 84.2ए कुनाल वर्मा ने 83.8ए अनमोल गुप्ता ने 83, ईशा ने 82.8, खुशी ने 81.6, साक्षी व कृष ने 81.4 तथा आशीष व दीपक ने 80.6 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया।

### कला संकाय में सानिया 81.8 प्रतिशत अंकों के साथ पहले स्थान पर रही



इसके अलावा वाणिज्य संकाय में मुस्कान सैनी 91.8 प्रतिशत अंक लेकर पहले, मनमोहन 90.2 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे तथा कशिश 87.4 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। जबकि महिमा ने 86.6, अभिषेक ने 85.8, मोहम्मद अली ने 84.4, जशनदीप सिंह ने 81.2 तथा गुलशन कुमार यादव ने 80 प्रतिशत अंक लेकर अपना दबदबा बनाया। इसी तरह कला संकाय में सानिया ने 81.8, गोरिका ने 81.4, आरती ने 77.4, भारती ने 74.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। स्कूल की प्रिंसीपल सुश्री कमलेश सिक्का, मोनिका शर्मा व विश्वास शर्मा ने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी इस सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं। यदि उन्हें स्कूल स्तर पर ही आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा मिलती रहे तो निःसंदेह वह भविष्य में अपना व अपने परिवार का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों के साथ साथ उनके अभिभावकों को भी विशेष बधाई देते हुए सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बीटैक करके मार्चेंट नेवी में जाना चाहता है पीयूष



विज्ञान संकाय में स्कूल में अव्वल रहने वाला पीयूष का सपना है कि वह मर्चेंट नेवी में जाना चाहता है। उसके पिता दिनेश सिंह व माता अनिता देवी के साथ साथ स्कूल के अध्यापकों का जो सहयोग उसे मिला है। उसी की बदौलत वह इस मुकाम पर पहुंचा है।

### सीए करके देश की सेवा करना चाहती है मुस्कान



वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान हासिल करने वाली मुस्कान सैनी का सपना सीए करके देश सेवा करने का है। उसके पिता भूपेन्द्र कुमार जो कि अकाऊंटेंट हैं। जिन्होंने उसको निरंतर अपनी पढ़ाई पर फोकस करते रहने के लिए प्रेरित किया।

### आई.टी सेक्टर में जाना चाहता है मनमोहन



वाणिज्य संकाय में 90.2 प्रतिशत अंक हासिल करने वाला मनमोहन का कहना है कि उसके पिता जरनैल सिंह व माता सरस्वती देवी ने हमेशा ही उसका साथ दिया। उसकी इच्छा है कि वह आई.टी. सैक्टर में अपनी अलग पहचान बना सके।

# शत प्रतिशत रहा स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल का बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम

- परीक्षा परिणाम के शत प्रतिशत आने पर खुशी से झूम उठे बच्चे और स्टॉफ सदस्य
- स्कूल के बारहवीं कक्षा के सभी 45 बच्चों ने उत्कृष्ट अंक हासिल कर परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया स्कूल का गौरव
- स्कूल छात्रा जेहरा ने आर्ट ग्रुप में स्कूल में किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी (यमुनानगर) का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित 12वीं कक्षा का वार्षिक परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस दौरान आर्ट ग्रुप की छात्रा जेहरा ने 96.8 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में टॉप किया। स्कूल प्रधानाचार्या व स्टॉफ सदस्यों ने बच्चों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रधानाचार्य दीपमाला कांबोज ने बताया कि उनके स्कूल के 45 बच्चों ने बारहवीं की परीक्षा दी थी। जिसमें सभी बच्चों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उनके स्कूल के 14 बच्चों ने 90 से सौ प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। जबकि 25 बच्चों ने 80 से 90 प्रतिशत अंक हासिल करने में सफलता प्राप्त की है। वहीं, पांच बच्चों ने 70 से 80 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। जबकि एक बच्चे ने 60 से 70 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।



**यमुनानगर।** स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल में बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आने पर बच्चों को मिठाई खिलाते स्टॉफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### आर्ट ग्रुप में छात्रा जेहरा ने किया टॉप

प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि परीक्षा परिणामों में आर्ट ग्रुप में छात्रा जेहरा ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया है। वहीं, दूसरे स्थान पर हरमन ने 92.4 प्रतिशत अंक तथा तीसरे स्थान पर रजत ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इसी तरह कॉमर्स संकाय में छात्रा पलक ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, तनू ने 90. 6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व हर्षित ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जबकि इसी संकाय में मुस्कान ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान हासिल किया है। जबकि नॉन मेडिकल संकाय में मीनाक्षी ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सुधांशु और रैंसी ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व मेनका ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है। वहीं, इसी संकाय में शगुन व शुभम ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया है। वहीं, मेडिकल संकाय में साहिबा ने 86.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला, तनीषा ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और कशिश ने 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा तथा पलक ने 84.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य दीपमाला कांबोज ने सभी बच्चों को बधाई दी और स्टाफ सदस्यों को इस परिणाम को प्राप्त करने के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि अध्यापकों के प्रयासों व उनके अच्छे मार्गदर्शन से ही बच्चे इस मुकाम को प्राप्त कर सके हैं। मौके पर स्कूल की चेयरपर्सन स्नेह लता कांबोज ने सभी बच्चों का मुंह मीठा करवाया तथा आगामी जीवन में कामयाब होने के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा जीवन में भी इस प्रकार की परीक्षाएं आती रहेंगी। आप उन सब में भी इसी प्रकार मेहनत करके पास होते रहें। इस अवसर पर प्राध्यापक सुनीता सैनी, विजय सैनी, विक्रम मेहता, राकेश कुमार व हरिदास आदि मौजूद रहे।

## केयू इंटर कॉलेज चैंपियनशिप प्रतियोगिता में दिखाया दम

# गुरु नानक खालसा कॉलेज की नेट बॉल महिला टीम ने जीता स्वर्ण पदक

**विजेता टीम का कॉलेज में पहुंचने पर प्रिंसीपल व स्टॉफ सदस्यों ने किया जोरदार स्वागत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर की नेट बॉल(महिला) टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज नेट बॉल चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाकर स्वर्ण पदक प्राप्त कर लिया। मंगलवार को विजेता टीम के कॉलेज में पहुंचने पर प्रिंसीपल व स्टॉफ सदस्यों ने खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया। कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. मेजर एचएस कंग ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा इंट कॉलेज नेट बॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अंतर्गत कॉलेजों की नेट बॉल महिला टीमों ने भाग लिया। इस दौरान उनके कॉलेज की नेट बॉल महिला टीम ने भी चैंपियनशिप में भाग लिया। जिसमें उनके कॉलेज की टीम ने चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक व ट्रॉफी जीतने में सफलता मिली। उन्होंने कहा कि उनके कॉलेज की टीम की यह जीत हमारे खिलाड़ियों की शिक्षा और खेल दोनों में उत्कृष्टता हासिल करने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मौके पर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के डीन डॉ. बोधराज व प्रमुख डॉ. रणजीत सिंह ने टीम की इस उपलब्धि कर खिलाड़ियों को बधाई दी और उनकी सराहना की। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने टीम को हार्दिक बधाई देते हुए कहा यह जीत हमारे कॉलेज के लिए बहुत सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि टीम को मिली यह उपलब्धि खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। उन्होंने कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों को भी पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेकर संस्थान का नाम रोशन करने के लिए आगे आना चाहिए। मौके पर वाइस प्रिंसीपल डॉ. कमलप्रीत कौर, डॉ. संजय विज, डॉ. जोशप्रीत सिंह, प्रो. मंगल, डॉ. अमरजीत सिंह व प्रो. अरुण ने विजेता टीम की सराहना की और उन्हें बधाई दी।



**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में विजेता टीम ट्रॉफी के साथ अपने स्टॉफ सदस्यों व प्रिंसीपल डॉ. मेजर एचएस कंग के साथ खुशी जताते हुए।

# नियमों के विरुद्ध प्रचार सामग्री छापने पर की जाएगी कार्रवाई

- उपायुक्त ने जिला के प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

लोकसभा चुनाव के प्रचार प्रसार के लिए नियमों के विरुद्ध प्रचार सामग्री छापने पर जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को बिना जांच व पड़ताल किए बिना नियमों के विरुध कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित नहीं करने की चेतावनी दी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए बताया कि चुनाव के दौरान मुद्रक व प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पंपलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन है। ऐसा करने वाले प्रिंटर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को यह भी निर्देश दिए हैं कि चुनाव से संबंधित हर सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम अवश्य प्रकाशित किया जाना चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि भारतीय चुनाव आयोग ने लोकसभा उम्मीदवारों के खर्च की सीमा निर्धारित की हुई है। इसलिए यह जरूरी है कि उनके पंपलेट व पोस्टर आदि के खर्च का भी पूरा हिसाब किताब रहे।



**यमुनानगर।** अपने कार्यालय में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार।

### खर्च का देना हो विवरण

*जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव से संबंधित पम्पलेट व पोस्टर आदि उसी स्थिति में छापें जब सामग्री छपवाने वाला व्यक्ति हलफनामे के साथ दो गवाह दें और उनके हस्ताक्षर भी लेने जरूरी हैं। ऐसे पोस्टर व पंपलेट आदि छापने के बाद उनकी एक कॉपी जिला मजिस्ट्रेट को भेजनी होगी। राज्यस्तर पर मुख्य चुनाव अधिकारी को कॉपी भेजकर यह बताना होगा कि अमुक व्यक्ति ने चुनाव से संबंधित कितनी संख्या में पोस्टर अथवा पंपलेट छपवाएं हैं और उनके खर्च का भी विवरण देना होगा। चुनाव पम्पलेट व पोस्टर का अर्थ प्रचार के लिए प्रयोग किए जाने वाले उन सभी कागजातों से है। जिनमें किसी भी राजनीतिक दल या लोकसभा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार से संबंधित प्रचार की जानकारी हो।*

# यूपीएससी की परीक्षा में 69वां रैंक हासिल करने वाली प्रिया को किया सम्मानित

- प्रिया की सफलता पर निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने जताया गर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

यूपीएससी की परीक्षा में 69वां रैंक हासिल करने पर धोबी(रजक) समाज की बेटी प्रिया को मंगलवार को नगर निगम यमुनानगर के निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने उनके घर पहुंचकर पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने प्रिया की इस उपलब्धि को धोबी समाज के लिए गर्व की बात बताया।

निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने कहा कि हरियाणा के अस्तित्व में आने के बाद उनके धोबी समाज की किसी महिला या पुरुष कभी भी एचसीएसएस व यूपीएससी की परीक्षा में चयनित हो सका। मगर इस बार उनके समाज की बेटी प्रिया ने ना केवल यूपीएससी की परीक्षा में 69वां रैंक हासिल किया है, बल्कि एचसीएस की परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। प्रिया की इस उपलब्धि पर धोबी समाज को गर्व है। निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने बताया कि आज तक हमारे समाज गजराज सिंह यूपी के बागपत के रहने वाले हरियाणा में तहसीलदार से आईएएस बनकर उपायुक्त के पद तक पहुंचे हैं। इसके अलावा भिवानी के लालबन भी इसी तरह डीआरओ के पद से सेवानिवृत हुए हैं। उन्होंने प्रिया को बधाई दी और शुभकॉमनाएं दी।



**यमुनानगर।** यूपीएससी की परीक्षा में 69वां रैंक हासिल करने वाली धोबी समाज की बेटी प्रिया को सम्मानित करते हुए निवर्तमान मेयर मदन चौहान।

# अनाज मंडियों में गेहूं की आवक तेज

- सूचारु रुप से नहीं हो रहा उठान
- मंडियों में धीमी गति से उठान होने से आढ़ती व किसान परेशान
- जिला उपायुक्त ने दिए संबंधित अधिकारियों को मंडियों से खरीदी गई गेहूं का शीघ्र उठान करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

मौसम में आए दिन हो रहे बदलाव के चलते जिले की सभी तेरह अनाज मंडियों में गेहूं की आवक जोरों पर है। रोजाना जिले की मंडियों में बिकने को हजारों टन गेहूं की आवक हो रही है। मगर आवक की अपेक्षा उठान नहीं हो रहा है। जिससे किसान और आढ़ती परेशान हैं।

### मंडियों में पहुंची अब तक 243150 मीट्रिक टन गेहूं

जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में अब तक कुल 2 लाख 43 हजार 150 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 86 हजार 255 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा एक लाख 31 हजार 511 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाऊस कॉपार्रेशन द्वारा 25 हजार 384 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

### उठान कार्य में दिखाएं तेजी

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने संबंधित अधिकारियों को अनाज मंडियों से गेहूं के उठान में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को अनाज मंडियों में पेयजल,सफाई व व शौचालय व्यवस्था समेत बिजली आदि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अनाज मंडियों में किसानों को अपनी गेहूं की उपज को बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत महसूस नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मंडियों में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हों। ताकि गेहूं खरीद से जुड़े आढ़तियों, मंडियों में मजदूरों व किसानों को सभी सुविधाएं मिल सकें।



**यमुनानगर।** अनाज मंडी में बिकने को पहुंची गेहूं को बोरियों में भरते हुए मजदूर।

## जान से मारने की दी धमकी, केस दर्ज

**यमुनानगर।** सवारी छोड़कर दिल्ली से वापस लौट रहे कार चालक गोल्डनपुरी कॉलोनी निवासी नरेंद्र नंदा को फोन कर दो युवकों ने जान से मारने की धमकी दी है। आरोपी युवकों ने अपने नाम सैम व सन्नी बताया। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गोल्डनपुरी कॉलोनी निवासी नरेंद्र नंदा ने गांधी नगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कार की ड्राईवरी करता है। 24 अप्रैल को वह यमुनानगर से सवारी लेकर दिल्ली गया था। देर रात जब वह दिल्ली से लौट रहा था तो उसके मोबाइल पर सैम व सन्नी नाम के युवकों ने फोन किया। इस दौरान आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

## हमीदा में रक्तदान शिविर तथा स्वास्थ्य चेकअप कैंप का आयोजन

# युवाओं को सामाजिक कार्यों में लेना चाहिए हिस्सा

- 72 यूनिट रक्त एकत्रित, 150 मरीजों की आंखों की हुई नि:शुल्क जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

मिशन रक्तक्रांति हिंदुस्तान के तहत स्माइल फाउंडेशन, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी तथा रघुबीर परमार्थ सभा के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर तथा स्वास्थ्य चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ यमुनानगर थाना प्रभारी जगदीश चंद ने किया। इस दौरान पुलिस कर्मचारियों ने भी रक्तदान किया। शिविर में 72 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इसके साथ ही 150 मरीजों की आंखों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाईयां व चश्मे वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्यातिथि थाना प्रभारी जगदीश चंद ने कहा कि स्माइल फाउंडेशन संस्था ने हमीदा में दूसरा रक्त दान शिविर लगाकर बहुत की सहारनीय कार्य किया। इससे युवाओं का ध्यान समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास दिलायेगा।



**यमुनानगर।** हमीदा में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदानियों का हौंसला बढ़ाते मुख्यातिथि व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### युवाओं से नशे से दूर रहने कर अपील

हमीदा चौंकी इंचार्ज गुरदयाल सिंह ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलकूद और समाजिक संस्थाओं से जुड़कर समाजिक कार्योंमें ध्यान देना चाहिए। अगर कोई आस पड़ोस में या कोई मित्र किसी कारण वश नशे की चपेट में हैं तो उसको समझा कर नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। ताकि उसे नशे की बुराई से जल्दी छुटकारा मिल सके और समाजिक धारा से जुड़ सके। मौके पर संजीव मेहंदीरत्ता, डॉ. गुलशन नारंग, सुरेंद्र मदान, अश्वनी मेहंदीरता, ललित कालड़ा, आशीष सोनी, सुमित मेहंदीरता, संजीव गढ़, मनोज मलिक, रिंकु कालड़ा, हरिश सेठ, गुलशन गुलाटी, रमन कालड़ा, राजेश वधवा, गौरव अग्रवाल, राहुल कोचर और सोनू आदि मौजूद थे।

# सड़क पर गंदा पानी जमा होने से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रादौर के कॉलेज रोड पर स्थित आर्य चौक के पास गंदे पानी का नाला जाम होने के कारण सड़क पर गंदा पानी जमा हो गया है। जिससे बच्चों व स्थानीय लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बार बार शिकायत करने पर नगरपालिका कर्मचारी केवल खानापूर्ति ही करते है। जिसके बाद गंदा पानी फिर से सड़क पर जमा हो जाता है। नाले की सफाई न करवाये जाने से स्थानीय लोगों में नपा की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। कस्बा निवासी संदीप कुमार, राजेश, तासिम, रमेशचंद आर्य, मनोज, दिनेश, चिंटू शर्मा, राजीव आर्य, मूलाराम आदि ने बताया कि पिछले लगभग दो सप्ताह से कॉलेज रोड पर गंदे पानी का नाला जाम पड़ा होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर जमा हो गया है।

### ये कहते हैं नपा सफाई निरीक्षक

नपा सफाई निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि वह कर्मचारियों को मौके पर भेजकर जल्द से जल्द समस्या का समाधान करवा देंगे। उन्होंने लोगों को आह्वान किया कि पॉलिथीन व खाली बोतलें नालों में न डाले। पॉलिथीन व खाली बोतलें नाले में फंसने के कारण पानी अवरूध होकर बाहर निकल जाता है।

## खबर संक्षेप



### सीजेएम ने बाल आश्रम का किया निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने जीवनमय बाल आश्रम लाडवा व उद्यान केयर होम सेक्टर-7 का निरीक्षण कर बच्चों के लिए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने जीवनमय बाल आश्रम लाडवा और उद्यान केयर होम सेक्टर 7 कुरुक्षेत्र का दौरा किया। वहां पर उन्होंने बच्चों से बातचीत की और बच्चों के कमरों का निरीक्षण किया और उनको दिए जाने वाले भोजन का भी जायजा लिया।



### मारकंडा नेशनल कॉलेज में पीटीएम का आयोजन

**शाहबाद।** मारकंडा नेशनल कॉलेज ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक माता.पिता और शिक्षकों की बैठक का आयोजन किया। यह बैठक अर्थशास्त्र, मार्केटिंग, अंग्रेजी विभाग एवं महिला सेल के संयुक्त तत्वाधान में कॉलेज के सेमिनार हॉल में आयोजित की गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, माता.पिता और शिक्षको के बीच संवाद और सहयोग को मजबूत करना था। बैठक में विद्यार्थियों और उनके माता.पिता ने अपने शिक्षकों के साथ विशेष चर्चा की, जिससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ा और उनकी शैक्षणिक प्रगति में मदद मिली।

### भूमि पूजन कार्यक्रम 2 मई को : सतीश सरोहा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र प्रजापति धर्मशाला की ओर से गुरु दक्ष प्रजापति जी शिक्षण संस्थान हेतु खरीदी गई साढ़े 3 एकड़ भूमि की चारदीवारी व भूमिपूजन कार्यक्रम 2 मई 2024 को सुबह सवा 9 बजे से लगातार आयोजित होगा। भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रजापति सतीश सरोहा ने कहा कि यह भूमि घराड़सी गांव में पिण्डारसी रेलवे स्टेशन के पास ढांड-कुरुक्षेत्र रूट पर खरीदी गई है।

### 45 लाख 27 हजार की ड्रग्स व शराब की सीज

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रुप से संपन्न करवाने के लिए चुनावों की प्रत्येक गतिविधि पर पैनी निगाहे रखी जा रही है, जिसके परिणाम स्वरूप ही पुलिस व आबकारी विभाग ने अब तक 45 लाख 27 हजार 370 रुपए की राशि की ड्रग्स और शराब सीज कर दी गई है। इतना ही नहीं एसएसटी और एफएसटी की टीमें भी तमाम गतिविधियों पर नजर रखे हुए है।

## हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने घोषित किया 12वीं का नतीजा

# 88.79 फीसदी रहा जिले का परिणाम प्रियंका ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें जिला का परीक्षा परिणाम 88.79 प्रतिशत रहा। जिले के 7428 विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा की परीक्षा दी थी जिसमें से 6595 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। 711 विद्यार्थियों की कम्पार्टमैंट रही व 122 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया।



पिहोवा के शिव शिक्षा निकेतन स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर कमाल करके दिखाया। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। 40 प्रतिशत से अधिक बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रिंसीपल डा. सुमिता मित्तल ने बताया कि विद्यालय हर वष नए कीर्तिमान स्थापित करता रहा है। गत वर्ष में भी कशिश ने जिले में प्रथम स्थान हासिल किया था। इस वर्ष प्रियंका ने लगभग 94 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान लिया है। उन्होंने सभी अभिभावकों एवं अध्यापकों को बधाई दी। इस मौके पर विद्यालय के मैनेजर सोहन लाल मित्तल, लाजवंती मित्तल सहित अध्यापकगण मौजूद रहे।

**रावमावि सारसा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा :** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा जारी किए गए 12वीं के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सारसा के छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारसा ग्रामीण अंचल का विद्यालय है।

यहां पर इस बार 54 छात्र छात्राएं 12वीं की परीक्षा में बैठे थे। विद्यालय के प्राचार्य बलवान सिंह ने बताया कि विद्यालय के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। सौ प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। सभी विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किए हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, समस्त गांव वासियों एवं अभिभावकों को बधाई दी। बलवान सिंह ने कहा कि यह अध्यापकों एवं विद्यार्थियों की मेहनत का प्रतिफल है। उन्होंने बताया कि कुल 54 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे जिनमें से 10 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ऊपर, 15 विद्यार्थियों ने 75 से 80 प्रतिशत एवं 29 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किए।

■ प्राचार्य ने विद्यार्थियों समस्त गांववासियों और अभिभावकों को बधाई दी

### श्रीगुरु नानक प्रीतम गर्ल्स स्कूल में 92 प्रतिशत अंक लेकर पिंकी रही अव्वल

श्रीगुरु नानक प्रीतम गर्ल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल शाहाबाद की 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। प्रिंसीपल दीपंश कौर ने बताया कि छात्रा पिंकी ने 92 प्रतिशत, राखी ने 90.6 प्रतिशत, कीर्ति ने 88 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में क्रमशः प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। चौदह छात्राओं ने मैरिट हासिल की। विद्यालय प्रबंधक समिति की संरक्षक तविंद्र कौर, अध्यक्ष कुलवंत सिंह, प्रधान रमनदीप सिंह, मैनेजर मोहिंद्रजीत सिंह, उप-प्रधान गुरपाशना संधू, सुखविन्द्र सिंह, इकबाल सिंह, डा.गुरदीप सिंह, इंदरजीत सिंह, चरणजीत कौर, रविन्द्र सिंह व संतोष कुमारी ने छात्राओं व उनके अभिवावकों को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



### महंत प्रभातपुरी विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत

**कुरुक्षेत्र।** झांसा रोड श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभातपुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम एक बार फिर शत प्रतिशत रहा। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि इस बार कुल 29 छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया था जिसमें 20 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। अन्य सभी छात्राएं भी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई। राठोर ने बताया कि गुंजन 455 अंक प्राप्त कर प्रथम, महक 454 अंकों से द्वितीय तथा नवजोत कौर 453 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही।

गुंजन ने इतिहास में 99 अंक तथा खुशी व हिमांशी ने शारीरिक शिक्षा विषय में 98-98 अंक प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया। विधालय अध्यक्ष महंत वंशी पुरी जी महाराज ने सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने पर प्राचार्य व स्टाफ को बधाई व शुभकामनाएं दी। प्रबंधक सुनील सचदेवा ने भी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि स्टाफ व बच्चों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर उप प्राचार्य मंजुला शर्मा, उप-प्राचार्य मंजुला शर्मा, रेखा धीमान, सरिता शर्मा, कुसुम शर्मा, ज्या वत्स, हैड टीचर सुशीला देवी,अनु पाहवा, अनिता वालिया, सुमन धीमान, तमन्ना धमीजा, मनप्रीत वर्मा, ज्योति रानी, मोनिका माटा, अनूप शर्मा, आलिषा अरोडा, बिंदु, पिंकी रानी,सीमा शर्मा, मधु शर्मा व महेंद्र सैनी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

9 छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया था जिसमें 20 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।
■
गुंजन 455 अंक प्राप्त कर प्रथम, महक 454 अंकों से द्वितीय तथा नवजोत कौर 453 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही।
■
गुंजन ने इतिहास में 99 अंक तथा खुशी व हिमांशी ने शारीरिक शिक्षा विषय में 98-98 अंक प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया

### कुवि के सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मचारियों को दी पार्टी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विवि में मंगलवार को 4 शिक्षकों व 5 गैर-शिक्षक कर्मचारियों के सेवानिवृत होने के अवसर पर विवि प्रशासन द्वारा विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों से औपचारिक बातचीत की। उन्होंने विवि में बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए उनके सुझाव लिए व उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। सेवानिवृत्त होने वालों में अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर रामनिवास, विधि विभाग के प्रोफेसर सीआर जिलोवा, एजुकेशन विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुषमा गुप्ता, सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन के असिस्टैंट प्रोफेसर डॉ. कामराज, बिल सेक्शन के सहायक राजपाल, गोपनीय शाखा के सहायक राम कुमार, बॉटनी विभाग से जूनियर टेक्निशियन ग्रेड-1 स्वरूप सिंह, यूनिवर्सिटी प्रेस से फोरमेन धर्मपाल व जियोलॉजी विभाग से स्टोर कीपर धन सिंह शामिल हैं।

## सतलुज स्कूल की हरमन कौर ने हैंडबॉल में जीता ब्रॉच मेडल



**शाहबाद।** छात्रा को बधाई देते प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन ने बताया कि स्कूल की आठवीं कक्षा की छात्रा हरमन कौर ने हरियाणा की हैंडबॉल गर्ल्स अंडर-12 टीम की तरफ से खेलकर ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता मुंबई में सम्पन्न हुई।

कुरुक्षेत्र जिलs से केवल शाहाबाद की सतलुज स्कूल की स्टूडेंट हरियाणा की इस टीम का हिस्सा रही और ब्रॉन्ज मेडल जैसी उपलब्धि प्राप्त की। स्कूल में पहुंचने पर हरमन और इनके माता पिता का स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस छात्रा की यह उपलब्धि सराहनीय है और उन्हें भविष्य में भी इसी तरह की कामयाबी के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने स्कूल की हैंडबॉल टीम के कोच अर्पित गुप्ता को इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल कोऑर्डिनेटर मनिंदर सिंह घुम्मन, मोनिका घुम्मन, उपप्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह, एडमिनिस्ट्रेटर मनोज भसीन, कॉलेज प्रबंधक मुकेश दुआ, मोहसिन खान, मीना क्वात्रा, इशू, मीना रानी आदि मौजूद रहे।

# दूसरे दिन 3 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन





■ एकम सनातन भारत दल के उम्मीदवार महावीर सिंह व आजाद उम्मीदवार अनिल व सुभाष ने भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु ने कहा कि 29 अप्रैल से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मंगलवार को एक एकम सनातन भारत दल के उम्मीदवार महावीर सिंह, आजाद उम्मीदवार अनिल व सुभाष ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। अब तक कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से 3 उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि इन लोकसभा चुनावों के लिए 29 अप्रैल तक नामांकन भरने का काम शुरू हो गया था। इसके लिए सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी सभी कार्य दिवसों में 6 मई तक अपने-अपने नामांकन दाखिल कर सकते है, 7 मई को नामांकन पत्रों की छंटनी का कार्य 11 बजे से किया जाएगा। उम्मीदवार 9 मई को दोपहर 3 बजे तक अपना नामांकन वापिस ले सकता है। इसके तुरंत बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे और आगामी 25 मई को मतदान होगा तथा 4 जून को मतगणना का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंगलवार को एकम सनातन भारत दल के उम्मीदवार महावीर सिंह, आजाद उम्मीदवार अनिल व सुभाष ने अपना नामांकन दाखिल किया है। एकम सनातन भारत दल के उम्मीदवार महावीर सिंह ने अपने आवेदन में अपनी कुल आय 2022-23 वित्तीय वर्ष में 13 लाख 75 हजार 430 रुपए बताई है और उनके पास 60 हजार रुपए और उनकी पत्नी संतोष सिंह के पास 30 हजार रुपए नगद राशि है तथा कुल सम्पति 92 लाख 90 हजार 389 रुपए दशाई है। उम्मीदवार महावीर सिंह ने लोक प्रशासन विषय में नई दिल्ली लोक प्रशासन भारतीय संस्थान ने मास्टर डिग्री हासिल की है। उन्होंने कहा कि आजाद उम्मीदवार अनिल ने अपने आवेदन में अपनी कुल आय 2011-12 वित्तीय वर्ष में 1 लाख 60 हजार रुपए बताई है और उनके पास 1 लाख रुपए और उनकी पत्नी संतोष सिंह के पास 60 हजार रुपए नगद राशि है तथा उन्होंने अपनी कुल संपत्ति 28 लाख 31 हजार 807 रुपए दर्शाई है। आजाद उम्मीदवार अनिल ने हरियाणा शिक्षा बोर्ड से मिडिल कक्षा पास की है। आजाद उम्मीदवार सुभाष ने अपने आवेदन में अपनी कुल आय शून्य बताई है और उनके पास 50 हजार रुपए नगद राशि है तथा कुल संपत्ति 1 करोड़ 40 लाख 56 हजार 310 रुपए है। आजाद उम्मीदवार जयप्रकाश ने हरियाणा शिक्षा बोर्ड से दसवीं कक्षा पास की है।

## लोकतंत्र की मजबूती में सहभागिता के लिए युवा जिम्मेदारी निभाएंः प्रो. ढींगरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के निदेर्शानुसार कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में यूआईईटी संस्थान में पहली बार वोट देने वाले विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए व्याख्यान और शपथ दिलाने का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर डीन इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी और निदेशक यूआईईटी संस्थान प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जितनी यूरोपीय देशों की जनसंख्या है उससे ज्यादा भारत देश में मतदाता है। इसमें युवाओ की संख्या निरंतर बढ़ रही है जो गर्व का विषय है।

प्रो. सुनील ढींगरा ने सभी युवा मतदाताओं से अपील की लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए युवा सहभागिता कर जिम्मेदारी निभाये।



इस अवसर पर मुख्यातिथि परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने उपस्थित युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा की भारत युवा लोकतंत्र देश है आज पूरी दुनिया की नजरें भारत के लोकतंत्र है। भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए 100 प्रतिशत मतदान जरूरी है। डॉ. अंकेश्वर ने कहा कि हर मतदाता को लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए वोट जरूर डालना चाहिए। 88 करोड़ मतदाताओं की हर परिस्थिति के हिसाब से हमारा चुनाव आयोग तमाम सुविधाओं उपलब्ध करवा रहा है जिससे चुनाव 100 प्रतिशत हो हमारा लोकतंत्र मजबूत बने।

### ओटीसी दवाओं की बिक्री की अनुमति देने के प्रस्ताव पर जताई चिंता

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य केमिस्ट्स एवं ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने देश में बिना लाइसेंस के ओवर द कांउटर (ओटीसी) दवाओं की बिक्री की अनुमति देने के प्रस्ताव पर गहरी चिंता व्यक्त की है। प्रदेश अध्यक्ष मंजीत शर्मा एवं प्रदेश महासचिव अशोक सिंगला ने इस बात पर जोर दिया है कि इस तरह का कदम मौजूद दवा कानूनो, फामेर्सी विनियमों का उल्लंघन करेगा, उचित विनियमन के बिना ओटीसी दवा बिक्री की अनुमति देने से गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई है कि खतरनाक स्व चिकित्सा एवं नशीली दवाओं का दुरुपयोग हो सकता है। फार्मासिस्ट परामर्श सेवाओं का अभाव, प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं का बढ़ता जोखिम, नकली दवाओं का प्रसार भी हो सकता है। स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में देरी, दवा की अधिक मात्रा के कारण बीमारियों की अधिक घटनाएं बढ़ सकती हैं।

### आदर्श आचार संहिता का उल्लंघना नहीं होने दी जाएगी

**कुरुक्षेत्र।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर कार्तिक लक्ष्मण भाई सारेसा ने कहा कि लोकसभा चुनावों में एसएसटी, एफएसटी व वीसीटी टीमों के सदस्यों को निर्वाचन आयोग की आंख, नाक व कान बनकर काम करना होगा। इसलिए चुनावों में शराब, गिफ्ट, नगद और प्रलोभन जैसे गैर कानूनी कार्यों पर विशेष फोकस रखना होगा और किसी भी कीमत पर आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना नहीं होने दी जाएगी। इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। सभी प्रत्याशियों को निर्धारित सीमा के अंदर ही खर्चे करने होंगे और खर्चों के लिए बनाए गए रजिस्टर का मिलान नियमित रुप से एक्सपेंडिचर टीमों के शैडो रजिस्टर के साथ करना होगा। इन चुनावा में खर्चों से संबंधित किसी प्रकार की दिक्कत आने पर टीमों के सदस्यों के साथ-साथ कोई भी व्यक्ति एक्सपेंडिचर आब्जर्वर के दूरभाष नंबर 97285-04065 पर संपर्क कर सकता है।



### राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र का एक शिष्टमंडल जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक को मिला और वर्ष 2004 से वर्ष 2017 तक का अंतर जिला स्थानांतरण होने पर प्राथमिक शिक्षकों के वेतन में एचआरएमएस पोर्टल पर दिक्कत आने पर ज्ञापन दिया। विदित है कि वर्ष 2004, 2008, 2011 और 2017 के अंतर जिला स्थानांतरण होने पर शिक्षकों का एचआरएमएस पोर्टल पर वेतन संबंधी समस्याएं आ रही हैं जिस कारण अप्रैल माह का वेतन निकालना बहुत मुश्किल दिखाई पड़ रहा है। इस समस्या से शिक्षा विभाग को पहले भी अवगत करवा दिया गया है आज फिर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ का एक शिष्टमंडल जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक के जिला कार्यालय में मिला और इस समस्या को जल्द हल करने के लिए ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल में जिला प्रधान राजेंद्र टंडन, जिला महासचिव संदीप चौहान, अमन पाल, राजेंद्र जांगड़ा, प्रवीण, सतीश भारद्वाज व सुरेश पलवल मौजूद रहे।

## गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में मनाया अलंकरण समारोह

# 12वीं के चिराग बिश्नोई को अनुशासन की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गीता निकेतन आवासीय विद्यालय कुरुक्षेत्र में मंगलवार को आवासीय छात्रों का दायित्व अलंकरण समारोह बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। विद्यालय के सभी छात्रों को देश की प्रमुख नदियों के नाम पर बने चार सदनों -गंगा सदन, यमुना सदन, ब्रह्मपुत्र सदन और रावी सदन में बांटा गया।

सभी छात्र प्रातः काल अपने-अपने सदन के वेश पहनकर शानदार पथसंचलन करते हुए तथा अतिथियों को सलामी देते हुए माधव विशाल कक्ष में पहुंचे जहां दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना के बाद विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, उपाध्यक्ष ममता सचदेवा, प्रबंधक पवन गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष रणधीर वालिया ने छात्र प्रतिनिधियों को नई जिम्मेदारियां एवं कर्तव्यों के पालन के लिए बैज एवं सदन ध्वज प्रदान किये। उसके बाद विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह ने सभी सदनों के पदाधिकारियों को निष्ठा पूर्वक अनुशासन एवं जिम्मेदारियां निभाने की शपथ दिलाई। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के समारोह छात्रों के चरित्र, मूल्य और नेतृत्वकारी गुणों को आकार देने में अत्यधिक महत्व रखते हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन,चुनाव और नियुक्ति की जिस प्रक्रिया से छात्र प्रतिनिधियों को चुना गया इस दायित्व अलंकरण समारोह में 12वीं विज्ञान के छात्र मनदीप हुड्डा को छात्र भारती का अध्यक्ष, 12वीं कॉमर्स के छात्र आर्यन तुराण को उपाध्यक्ष 12वीं विज्ञान के छात्र लखविंदर को खेल प्रभारी, 12वीं विज्ञान के छात्र चिराग बिश्नोई को अनुशासन प्रभारी तथा 12वीं विज्ञान के ही यशवर्धन को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी चुना गया। इसी प्रकार गंगा सदन का नायक रुद्राक्ष सिंगला,यमुना सदन का नायक निर्बान बर्मन,ब्रह्मपुत्र सदन का नायक भुवनेश कंबोज एवं रावी सदन का नायक विदित नोटियाल को चुना गया। बरिष्ठ कोर्डिनेटर नेहा सचदेवा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।



**कुरुक्षेत्र।** समारोह में मौजूद विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## श्रीराम कथा में श्रद्धालुओं को सुनाया राम वनवास प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर



अमीन रोड स्थित पटियाला बैंक कॉलोनी के मनोकामना सिद्ध शिव मंदिर वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही श्रीराम कथा में कथाव्यास संत तुलसी महाराज अयोध्या धाम ने श्रद्धालुओं को राम वनवास प्रसंग विस्तार से सुनाया।

आयोजक पंडित उमेश पाठक के सान्निध्य में पिपली से प्रेम गोयल परिवार ने बतौर मुख्य यजमान श्रीराम कथा का पूजन किया। साथ ही आदित्य सिंगला, अशोक सिंघल, अक्षय सिंघल, अमन सिंगला,अशोक गुप्ता, मोहित गर्ग,विक्की राणा और रामस्वरूप मित्तल भी पूजन में शामिल हुए। प्रवचनों में तुलसी महाराज ने बताया कि राम वनवास रामायण की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। भगवान श्रीराम का देवी सीता व अपने भाई लक्ष्मण के साथ वनवास गमन करना विधि के विधान के अनुसार पहले से ही निश्चित था। श्रीराम कथा की आरती में पंडित गोविंद वैद्य,अरुण मिश्र,अरुंजय,बी एन शर्मा,सुनील सिंगला,एम के खन्ना,दर्शन पुरी, विनोद सिंगला, विशेष गर्ग, राहुल सिंगला, उमाशंकर और अश्वनी मित्तल सहित सहयोगी, कालोनीवासी और महिलाएं शामिल रहीं।

